हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री




12 अशोक बने छग सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर...



12 गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर दंडवत...



# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें निर्वाचित सदस्य : मंत्री टंकराम

## नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में शामिल हुए राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकांक्षा गोलु जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू एवं सदस्यों के सम्मान में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से कहा कि जनता ने अगले पांच वर्षों के लिए आपको सेवा करने का अवसर दिया है। इन पांच वर्षों में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करें। पं. दीनदयाल उपाध्यय के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और उनका काम कराना आपका दायित्व है। अधिकारी और जनता के बीच एक सेतु का काम करना है, जिससे जनता को योजनाओं का लाभ मिले। सकरात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यों में प्रगति लाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष भाटापारा अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित आदि उपस्थित थे।



### जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करें : शर्मा

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ आपको भेजा है, उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करना है। जनता 5 साल के कार्यों का मूल्यांकन करती है। इस बात का ध्यान रखें। दोबारा तभी अवसर मिलता हैं जब जनता की विश्वास पर खरा उतरते हैं। समारोह में उपस्थित जनसमूह को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बलौदा और सबरिया डेरा में चलाया जागरुकता कार्यक्रम



**गिधौरी।** थाना गिधौरी पुलिस ने मंगलवार को ग्राम बलौदा के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्राम कोटवारों की उपस्थिति में बलौदा के आश्रित ग्राम सबरिया डेरा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान सबरिया डेरा के लोगों को महिला समूह बनाकर शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने समझाइस दी गई। इसके अतिरिक्त अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण नहीं करने एवं इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा इस दौरान यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उपस्थित जन समूह को मोटरसाइकिल चलाते समय हमेशा हेलमेट धारण करने एवं तीन सवारी बैठाकर कभी भी वाहन नहीं चलने निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत समिति द्वारा सबरिया डेरा में स्ट्रीट लाइट एवं सीसीटीवी कैमरा पंचायत के माध्यम से लगाए जाने संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### मोहरा में होली मिलन एवं सम्मान समारोह 30 को

**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा में होली मिलन एवं सम्मान समारोह 30 मार्च रविवार सुबह 10 बजे से रखा गया है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा के अध्यक्षता एवं क्षेत्र प्रधान शेषनारायण धुरंधर मोहरा एवं ग्राम प्रमुख गिरवर वर्मा व ग्राम पंचायत मोहरा सरपंच तारणी जवाहर वर्मा की उपस्थिति में प्रकरण बैठक व महाअधिवेशन पर महत्वपूर्ण चर्चा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के हमारे समाज तिल्दा राज से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### जन जागरण मिशन ने मनाया शहीद दिवस



**मुड़पार-सरसीवां।** ग्राम टाटा बिलासपुर के जन जागरण मिशन समिति के सदस्यों द्वारा वीर शहीद दिवस मनाया गया, जिसमे श्वास्तिका और ओम के दीप स्टेन में शहीदों के नाम का दीपक जलाया गया और उनकी याद में कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित करते हुए शोक मनाया गया। समिति के सदस्यों ने वीर भगत सिंह के वीरता को सलाम करते हुए उनके वीरता की गाथा आडियो द्वारा लोगों को प्रेरित किया।इसमें ग्राम बिलासपुर के नव निर्वाचित सरपंच मीना हेमंत साहू उपस्थित थी।

## प्रशासनिक टीम और अवैध कब्जाधारियों के बीच जमकर हुई तकरार

# पौंसरी में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पौंसरी ग्राम के शासकीय प्रायमरी स्कूल में किए गए अतिक्रमण एवं नाले को पाट कर मकान बनाने वालों पर तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला कर अवैध अतिक्रमण हटाया। सिमगा ब्लॉक के ग्राम पौंसरी के सरपंच चंद्रमणि साहू के साथ पंचों व ग्रामीणों ने गत दिनों तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा से शिकायत की थी कि ग्राम के सत्यप्रकाश साहू उर्फ राजू साहू पिता गोपाल साहू द्वारा शासकीय प्रायमरी स्कूल के बाउंड्री वॉल को तोड़ कर तथा सैप्टिक टैंक को पाट कर दबंगई के साथ स्कूल परिसर के अंदर दीवाल खड़ी कर अवैध कब्जा करते हुए अपने बियारा जाने के लिए रास्ता बना रहा है। साथ ही स्कूल के समीप गांव का पुराना बरसाती नाला है जिसमें पानी भरे रहने पर मोहल्ले वासी निस्तारी करते हैं। उक्त नाले में गांव के रामकुमार साहू, कुमारी बाई लसहे, शिवचंद बंजारे, भागचरण बारले, ओमप्रकाश साहू, जितेंद्र रात्रे सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा नाले को पाट कर अतिक्रमण करते हुए मकान आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त अवैध निर्माण कार्य को सरपंच चंद्रमणि साहू द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं है। इस पर सरपंच ने इसकी शिकायत तहसीलदार सिमगा से की। उक्त खबर को ▶▶ शेष पेज 12 पर



### 30 साल बाद पौंसरी में अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

1996 में तात्कालिन विधायक राधेश्याम शर्मा ने पौंसरी में अवैध अतिक्रमण हटाया था। उस समय सरपंच चंद्र कुमार साहू थे और आज 29–30 साल बाद अतिक्रमण पर फिर कार्रवाई हुई है, तब सरपंच चंद्रमणि साहू हैं दोनों सरपंच पिता पुत्र हैं। उक्त कार्रवाई की ग्रामीण सराहना कर रहे हैं।

### हटाया गया अवैध कब्जा

ग्राम पंचायत से जो अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली थी उसे तो हटा दिया गया है तथा अन्य बेजा कब्जा धारियों पर भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

-**अनिरुद्ध मिश्रा,** तहसीलदार, सिमगा

# दो बाइकों में भिड़ंत एक की मौत, चार गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवा में सोमवार को लगभग 4 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार संभल भी नहीं पाए और तभी पीछे से आ रहा छोटा हाथी चार पहिया वाहन भी इनसे टकरा गई। इस भयानक हादसे में मोटरसाइकिल सवार और छोटा हाथी के चालक को गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को तुरंत सरसीवां और बिलाईगढ़ के स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान झुमका निवासी हेमकुमार की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में झुमका निवासी देवेंद्र साहू, भटगांव जूनवानी निवासी करण बंजारे, झुमरपाली निवासी लीला राम खूंटे और सरसीवा निवासी राजकुमारी भारद्वाज गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। सरसीवां से भटगांव जाने वाले मार्ग पर सोमवार को शाम दो मोटरसाइकिल के आमने सामने टकराने से एक मोटर साइकिल के तीन टुकड़े हो गए। मोटर साइकिल को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाइक की स्पीड कितनी रही होंगी। फिलहाल सरसीवां थाना पुलिस मौके पर पहुंकर मामला कायम कर विवेचना कर रही है।

# साहू समाज ने कर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम मटिया में तैलीय समाज के तत्वावधान में इकाई साहू समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। साहू समाज द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में लगभग 200 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभा यात्रा में शामिल हुई।

भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही साहू समाज नवनिर्वाचित पंचों का सम्मान, मितानिन एवं आंगनबाड़ी सहायिका, प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान, बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष तहसील साहू संघ धरसीवां चूड़ामणि साहू, अध्यक्ष सारागांव परिक्षेत्र नारायण प्रसाद साहू , संरक्षक तहसील साहू संघ अशोक साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवां अनिल साहू, उपाध्यक्ष परिक्षेत्र प्रमोद साहू, सलाहकार परिक्षेत्र ईशकुमार साहू, जनक साहू, प्रतिभा साहू, उपसरपंच मटिया उत्तम वर्मा, ग्राम इकाई अध्यक्ष टीकाराम साहू, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, सचिव संतोष साहू, युवा अध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष रामचंद साहू, खूबचंद साहू, भंवर सिंह साहू, भूषण साहू, दुष्यंत साहू, शंकर साहू, दीना महाराज, अमन साहू, होरीलाल साहू, पुष्कर साहू, पुनीत साहू, ताराचंद साहू आदि उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**पलारी।** मंगलवार को साहू समाज द्वारा माता कर्मा जयंती धूमधम के साथ मनाया गई। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें समाज के थानू राम साहू ओमकार साहू, शिक्षक उमाकांत, डॉ हेमकुमार साहू पुरूषोतम, सीताराम एवं बड़ी ही संख्या में समाज की महिलाएं व बच्चे शमिल थे।



## कारणों को समझा और निराकरण के लिए मांगे सुझाव

# नगर में जलभराव की समस्याओं के निरीक्षण में पहुंचे पूर्व विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आगामी दिनों में बरसात के मौसम में बारिश से जलभराव की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ शहर के अनेक वार्डों में निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान जलभराव के भौतिक निरीक्षण करते हुए वास्तविक कारणों को समझने का प्रयास किया गया। जलभराव की समस्या से निपटने और स्थायी समाधान के लिए स्थानीय निवासियों से सुझाव भी आमंत्रित किया गया।



गौरतलब है भाटापारा नगर के अनेक इलाकों में बरसात के समय जलभराव की समस्या गंभीर रूप से सामने आती है। शहर के झुग्गी वाले इलाकों में नालों में जलभराव से हादसे की भी आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और क्षेत्र का सदन में प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके बीच पहुंचे। वार्डवासियों से जलभराव के स्थानों का भौतिक निरीक्षण करते हुए, जलभराव के कारणों को जानने-समझने का प्रयास हुआ। इस दौरान शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र ही प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

वार्ड निरीक्षण के नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद मनीष मिश्रा, भुवन ठाकुर, बंटी टंडन, कुंजराम कोशले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, कार्यपालन अभियंता अमरनाथ अवधिया एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025
haribhoomi.com
मध्यांचल भूमि हरिभूमि 11




## खबर संक्षेप



### सैलून यूनियन ने नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष से की चर्चा

**पलारी।** सैलून यूनियन नगर पंचायत पलारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी साहू से सोमवार को सौजन्य भेंट उनका स्वागत किया। युनियन के सदस्यों से चर्चा में नपा अध्यक्ष ने सैलून के व्यवसाय में किस तरह से कठिनाई या प्रतिस्पर्धा होती है, उसे जाना। वही युनियन द्वारा अपने समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसे नपा अध्यक्ष द्वारा निराकरण करने की बात कही। इस अवसर पर सैलून युनियन के अध्यक्ष अध्यक्ष जित्तू सेन, उपाध्यक्ष संतोष सेन, सचिव रवि सेन, कोषाध्यक्ष पतिराम सेन, राजा सेन, राधेश्याम, तोमन सेन, धुरेन्द सेन, ननकु सेन, विश्राम सेन, राजकुमार सेन, गीतेश सेन ओमप्रकाश सेन, भीखम सेन, डा. पुरषोतम सेन, गोपाल सेन, ध्रुव सेन, विजय सेन एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### हिन्दू नववर्ष के पूर्व रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हथबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ने प्राचार्य सीके नायक एवं इको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष के आगमन के पूर्व स्वच्छता अभियान चलाकर हथबंद के शाला परिसर, बाजार चौक, दुर्गा चौक, भारत माता चौक, तिगड्डा चौक, स्टेशन रोड में साफ-सफाई की। साथ ही शाला परिसर में रोपित पौधे में पानी डाला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक खुशबू पाल के नेतृत्व में हमने यह ठाना है, स्वच्छ भारत बनाना है, प्रकृति के दुश्मन तीन पन्नी, पाउच, पालीथिन के नारा लगाते हुए रैली निकाली गई। रैली में जगह-जगह नुक्कड़ सभा आयोजित कर हिन्दू नववर्ष की जानकारी दी गई। तत्पश्चात शाला परिसर में सभा आयोजित कर श्री त्रिवेदी द्वारा आगामी 30 मार्च को चैत्र शुक्ल हिन्दू नववर्ष को धूम धाम से मनाने की अपील की। दल नायक चम्मन यादव, दल नायिका प्रीति कुर्रे, इको क्लब के प्रभारी लक्ष्मी साहू द्वारा हिन्दू नववर्ष के आगमन पर घर-घर में हवन यज्ञ एवं घी के दीप जलाने की अपील की। कार्यक्रम में भुवन साहू, प्रेम यादव, चितेश्वर पाल, धनराज साहू, यमनी निर्मलकर, चांदनी निर्मलकर, योगेश साहू, निशा सोनवानी, वेदिका बांधे, लक्ष्मी साहू, लिली मार्कण्डेय, मुस्कान, माधुरी, गौरी, शीतल, सेजल एवं करुणा मन हरे सहित 40 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

## पेज 11 के शेष

### पौंसरी में अवैध...

हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशन किया। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया व मंगलवार को तहसीलदार ने अपने राजस्व अमला व पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर कब्जा मुक्त कराया। इससे पूर्व तहसीलदार ने अवैध निर्माण में लगे सामान को जब्त कर कब्जाधारियों को अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी थी, लेकिन उनके नहीं मानने पर अंततः बुलडोजर चला कर कब्जा हटाया गया। इस दौरान नाराज अतिक्रमणकारियों एवं अधिकारियों के बीच तू–तू–मैं–मैं की स्थिति निर्मित हो गई। बेजा कब्जा धारी गांव में किए गए विभिन्न अवैध कब्जा को भी हटाने मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने तहसीलदार मिश्रा को बताया कि शासकीय भूमि पर बेखौफ अतिक्रमण होने के कारण खेल मैदान नहीं है, मवेशियों के लिए गोठान पर्याप्त नहीं है। मुक्तिधाम में भी कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भूमि नहीं होने के कारण मनरेगा जैसे शासकीय कार्य पंचायत द्वारा नहीं कराया जा सकता। भविष्य में अन्य कोई शासकीय निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों को जगह तलाशना पड़ेगा। बता दें कि स्कूल परिसर में ही आंगनबाड़ी भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन संचालित है।

### पद यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, बड़ी संख्या में शामिल हुए आमजन

# गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर दंडवत यात्रा पहुंची जिला मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गौमाता को राजमाता का दर्जा देने तथा गौहत्या गौमांस विक्रय व गौतस्करी पर रोक लगाने सख्त कानून बनाने एवं त्वरित कार्रवाई करने को लेकर जिला बलौदाबाजार के विश्रामपुर गांव से प्रारंभ हुई दंडवत यात्रा भाटापारा अर्जुनी रवान होते हुए बलौदाबाजार पहुंची, जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें दंडवत यात्रा करने वाले गौपुत्र ओमेश बिसेन के साथ मेघा चौहान 45 किमी लंबी यात्रा तीन दिनों में पूरी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे, जिसमें उनके साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल के कार्यकर्ता लगातार अपने साधन से या पैदल चलते रहे। मार्ग में पड़ने वाले सभी गांवों में गौभक्तों का स्वागत सत्कार आरती पुष्पमाला वर्षा, आमजनों महिलाओं द्वारा किया गया। उनके लिए भोजन, पानी रुकने की व्यवस्था भी गौभक्त सनातनी ग्रामीण महिलाओं पुरुषों ने की। इस पुनीत कार्य में ग्रामीणों, हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं, गौपालकों, गौसेवक, किसानों, जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में मसीह समाज के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।



गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों में चरागाहों पेयजल पशु चिकित्सकों की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पद यात्रा में विहीप जिला मंत्री राजेश केशरवानी, बजरंगदल जिला संयोजक रवि वर्मा, सह मंत्री रामकुमार साहू, सेवा प्रमुख लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, समरसता प्रमुख विनय गुप्ता, बजरंगदल वासुदेव ठाकुर, केडी मानिकपुरी, रवि यादव, गौपालक जागेश्वर पटेल, थानेश्वर त्रिवेदी, गौपालक यशवंत, हरिशंकर पांडेय, ओमप्रकाश लहरी, बालगोविंद, शशिकांत साहू, रविशंकर वर्मा, विजय साहू, कृष्णकांत पांडेय, विनय धीवर, खुशी वर्मा, केवल साहू, नीलकंठ यदु, कृष्णानंद अग्रवाल अन्य गौभक्तों का सेवा सत्कार कर सहयोगी बने। बलौदाबाजार नगर प्रवेश पर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन चितावर जायसवाल संकेत शुक्ला टेशुलाल धुरंधर समेत बहुत से भाजपा नेता गौभक्तों का स्वागत किया।

#### गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने का प्रस्ताव भेजा जाए

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग रखी की प्रदेश में गौमाता को राजमाता का दर्जा दिया जाए एवं प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार को गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाए। गौहत्या गौमांस बिक्री गौतस्करी को प्रतिबंधित करने के साथ इसके लिए सख्त कानून बनाये जाए। विदेशी नस्ल अथवा जर्सी गाय एवं कृत्रिम गर्भाधान को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। देशी गाय जिसका दूध समेत प्रत्येक उत्पाद अमृत के समान है तथा उसके रख रखाव का खर्च भी कम आता है, उसके लालन पालन करने के लिये गौपालकों किसानों ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए। प्रत्येक गौवंश का निजी पहचान पत्र बनाया जाए, जिससे कि सड़कों एवं खेतों में गौवंश को बेसहारा छोड़ देने वाले गौपालकों पर कार्रवाई की जा सके। गौ संरक्षण तथा संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए गौपालकों को प्रतिमाह निश्चित राशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाए।

## अशोक बने छग सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की सोमवार को रायपुर में बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बलौदाबाजार निवासी जैन ट्रान्सपोर्ट के संचालक अशोक जैन को एसोसिएशन को अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के उपस्थित सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष अमित सुरी, संरक्षक सुधीर अग्रवाल, इंद्रजीत सिंग, शशिभूषण शुक्ला, सुखदेव सिंह सिद्धू, अमित तिवारी, सुब्रत डे, मलकीत सिंह, जशवंत बिल्लू, राजू जाज ढिल्लन, वैभव जग्गी, अरूण तुलसीक, रितेश जैन, अनुराग जैन, रवि अग्रवाल, पप्पु सेठिया, पंकज गांधी, बीपी शर्मा, बीपी साहू, सुक्खी बाबा, संदीप सिंह, अनीश विश्नोई, सनोज सिंह, पंकज सिंह, पुरुषोत्तम भिते, आनंद आहूजा, कमल पोद्दार सहित करीब 70 सदस्य शामिल थे। जिन्होंने लिखित में अपनी सहमति जाहिर कर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि हम सब लोग एकजूट होकर ट्रांसपोर्ट की समस्या को शासन एवं सीमेंट उद्योग को अवगत कराकर उसका निराकरण करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे बड़े सभी ट्रांसपोर्टरों के हितों को ध्यान में रख कर कार्य किया जावेगा।

#### अंजय ने बताया स्वयं को अध्यक्ष



सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला ने एक बयान में कहा है कि कुछ लोगों द्वारा यह प्रचार किया जा रहा है कि सीसीटीडब्लूए का अध्यक्ष बदल दिया गया है, जो कि पूर्णतः भ्रामक है। उन्होंने कहा कि बिना किसी चुनावी प्रक्रिया के इस प्रकार कुछ लोगों के साथ बैठकर पदाधिकारी चयन करना पूर्णतः गैरकानूनी एवं असंवैधानिक है। बहुत जल्द ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ संस्था द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संयंत्र ने होली मिलन समारोह में किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान



**हिरमी-रावन।** अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयंत्र के निकट जनप्रतिनिधियों के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हिरमी टाउनशिप में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम हिरमी, सकलोर, कुथरोड़, परसवानी, बरडीह, मोहरा, भटभेरा, बुडराहन, भीलोनी और चांगोरी ग्राम के सरपंच, उपसरपंच और जनपद सदस्य सम्मिलित हुए। संयंत्र प्रमुख सुभाष चंद्र बसेर ने सभी प्रतिनिधियों का शॉल और श्रीफल देकर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग के प्रमुख द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए होली मिलन कार्यक्रम में आने के लिए आभार जताया तथा कहा कि क्षेत्र में सौहाद्रपूर्ण वातावरण बनाने के साथ–साथ क्षेत्र के विकास में जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा संयंत्र एवं जन प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से विकास कार्य संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों ने संयंत्र के इस कदम की सराहना की तथा संयंत्र प्रबंधन से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। कार्यक्रम में प्रशासनिक विभाग के प्रमुख रणजीत सिंह नैनवाल, ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्रामीण विकास के तारिणी राजपुत, सविता वर्मा, उमाशंकर धीवर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामा साहू एवं हेमलाल साहू का योगदान रहा।

## संयंत्र क्षेत्रों के समीप पेयजल व निस्तारी की समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने की सीएसआर मद के तहत कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर दीपक सोनी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायिव मद के तहत विभिन्न संयंत्रों को आवंटित कार्य एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी आवंटित कार्यों को समय पर पूरा कराने कहा। इसके साथ ही संयंत्र के आस–पास के क्षेत्रों में पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या का समाधान करने संयंत्रों के इकाई प्रमुखों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कहा कि संयत्रों के समीप के क्षेत्रों में पेयजल समस्या की जांच एवं निराकरण के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति की जांच में सभी सहयोग करें एवं संयंत्र ऐसे क्षेत्रों में टीम भेजकर जांच करें और पेयजल की समस्या होने पर समाधान भी कराएं। उन्होंने कहा कि कंपनियों द्वारा जिन गांवों में पेयजल के लिए पूर्व में जो सुविधाएं दी जाती थी वह जारी रहें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में मुख्य सड़क किनारे शीतल पेयजल की व्यवस्था कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण करने कहा। उन्होंने सभी कम्पनी के आवासीय कालोनियों मे अच्छी गुणवत्ता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग अगले महीने तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने संयंत्र क्षेत्र के मुख्य मार्गों में ब्लैक स्पॉट में सड़क हादसों की समीक्षा करते हुए वाहनों को यातायात नियम का पालन करने तथा माल वाहक वाहनों में तारपोलीन से ढक कर परिवहन करने के निर्देश दिये। बैठक में उपसंचालक खनिज प्रशासन के के बंजारे सहित विभिन्न संयंत्रों के यूनिट हेड एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### कष्टों से मुक्ति पाने भागवत कथा का श्रवण करें

**पलारी।** ग्राम घिरघोल में साहू परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रदेश कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धन्नू साहू विशेष रूप से शामिल हुए और कथा श्रवण कर धर्म व आध्यात्म पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से जीवन के विकार दूर होते हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा प्रवचन के दौरान कथावाचक ने भागवत महापुराण के महत्व को बताया और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गीता के उपदेशों व भक्ति मार्ग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर कृपा राम साहू, मोहन साहू, सुकालू राम यदु, विष्णु साहू, मदन साहू, जोधन साहू, हेमंत साहू, हेम कुमार साहू, गिरधारी साहू, रोमनाथ साहू, विष्णु दास वैष्णव, आनंद साहू, बलदाऊ साहू दिलीप साहू, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



### नगर में शिव महापुराण कथा जारी

**खरोरा।** शिव महापुराण के चौथे दिन कथावाचक पं. सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिव महिमा, शिव महापुराण की व्याख्याा की। उन्होंने कहा पापी गुणनिधि ब्राह्मण महाशिवरात्रि में दीपदान करके कुबेर का जन्म पाया, जो अपने माता–पिता के इकलौते संतान थे। वह प्रत्येक गलत काम में आगे रहता था। एक बार जुआ में अपनी सारी संपत्ति को हार गया। बहुत ज्यादा कर्ज कर डाला। तब उनके माता–पिता उसे घर से निकाल दिए। वह कई दिनों तक भूखा प्यासा इधर–उधर भटकते रहा। अब दुनिया के लोग उसके ऊपर विश्वास नहीं करते थे। महाशिवरात्रि के दिन लोग शिवालय में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने के लिए आए। गुणनिधि ब्राह्मण वहीं भूखाप्यास पड़ा था। लोग पूजा करके जब चले गए, तो दीपक जो जल रहा था, उसकी बत्ती को चूहा ने काट कर अलग कर दिया। बत्ती बुझने वाली थी। उस समय गुणनिधि ने अपने वस्त्र को निकाल कर बत्ती बनाया और दीपक को रात भर जला करके रखा। सवेरे उसकी मृत्यु हो गई। शिवजी के पार्षद लोग उनको शिवलोक ले गए। लंबे समय तक शिवलोक में शुभ पूर्वक रहा।

## एनसीसी अफसर बन वीरेंद्र ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के वीरेंद्र पटेल ने एनसीसी के तृतीय स्तर के एसोसिएट अफसर बनकर क्षेत्र को गौरांवित किया है। 45 दिवसीय आर्मी विंग के कठोर प्रशिक्षण पास कर घर लौटने पर परिजनों, ग्रामीण व शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार महाराष्ट्र के एनसीसी ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर कामठी में 3 फरवरी से 19 मार्च तक प्रशिक्षण आयोजित था, जिसमें नेवी विंग व आर्मी विंग के केयर टेकर अफसर को प्रशिक्षण दिया गया। विदित हो कि वीरेंद्र पिता चंद्रशेखर पटेल निवासी ग्राम कुथरौद राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबाल खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का चार बार प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि के लिए 27 सीजी बटालियन एनसीसी कोटा रायपुर के सीईओ लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ कुमार, बलौदाबाजार के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंग ठाकुर, प्राचार्य गणेशराम घीतकर, जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन लाल वर्मा, दौलत पाल, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, अनुपम अग्रवाल, खेल प्रेमियों व नवापारा– कुथरौद के समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

## जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बलौदाबाजार ड्रिस्ट्रिक्ट वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी का गठन किया गया। इसके लिए पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राजेश जंघेल, छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नंदू जंघेल एवं राष्ट्रीय रेफरी छवि विश्वकर्मा द्वारा बैठक ली गई। छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन, इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त खेल हैं यह एथलीट की शक्ति और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। पर्यवेक्षकों द्वारा वेटलिफ्टिंग के नियमों के बारे में अस्मिता खेलों के बारे में और खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य बनाने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं आने वाले सत्र में राष्ट्रीय खेल बलौदाबाजार में हो इसके लिए पर्यवेक्षकों द्वारा नियमों से अवगत कराया गया। गठित नवीन पदाधिकारी के रूप में शिवरतन शर्मा संरक्षक, अश्विनी शर्मा अध्यक्ष, उत्तम कुमार साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष, मनोहर पंजवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवनीत मिश्रा उपाध्यक्ष, राज करण भाटिया उपाध्यक्ष, विशाल सिंह उपाध्यक्ष, जयेश पंजवानी सचिव, खोम वर्मा कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के रूप में जीतू खंडेलवाल, राहुल वर्मा, आशीष सोनकर, बिपुल मंडल का चयन किया गया।

#### ये हुए उपस्थित

कार्यक्रम में हरदीप सिंह भाटिया नगर पालिका अध्यक्ष सिमगा, विकास सोनकर उपाध्यक्ष, आनंद यादव जिला भाजपा अध्यक्ष, चंद्रमणि तिवारी मंडल अध्यक्ष सिमगा, गोलू अवस्थी पूर्व पार्षद, पार्षद, टुकेश देवांगन एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी मेघा भगत उपस्थित थे। नवीन पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षकों, वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### चौहान समाज के सामुदायिक भवन का शिवरतन ने किया लोकार्पण

# सभी को अपने पूर्वजों का इतिहास जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में नवनिर्मित चौहान समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने कहा हम सबको अपने पूर्वजों का इतिहास जानने की आवश्यकता है। आप सब यहां पर काफी संख्या में उपस्थित हैं। आपको पृथ्वीराज चौहान के इतिहास को पढ़ना चाहिए, उसे आने वाली पीढ़ी को एक ताकत मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा हम साल में एक बार बने हुए भवन में एकत्रित होते हैं। समाज की बात करते हैं समाज में एकता की बात करते हैं, लेकिन हम सबको इस बात पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारे पूर्वजों ने समाज के लिए क्या बलिदान दिया, अगर हम उन बलिदानी पुरुषों के आदर्श पर चलेंगे तो निश्चित तौर पर चौहान समाज भी एक आदर्श समाज के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि सबको समाज से उठकर देशहित के बारे में भी विचार करना चाहिए। सर्वप्रथम हमारा देश है हमारी मातृभूमि है उसके बाद समाज है समाज की अपनी एक अलग परंपरा है। देश और मातृभूमि की अपनी एक अलग परंपरा है।

कार्यक्रम को बलौदा बाजार भाटापारा के भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, महामंत्री छोटू यादव, समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री हेम सिंह चौहान, अभिजीत अवस्थी, विकास सोनकर, टैबू देवांगन, धीरज जैन, नीरज शर्मा, पारस पाटकर, राजेश सिंह, माया सलूजा, सचिन जैन, अनूप तिवारी एवं चौहान समाज के काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।



#### बच्चों को नशा से दूर रखकर, अच्छी शिक्षा देने की आवश्यकता

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किसान नेता अनिल पांडे ने कहा चौहान समाज के बलिदान के बारे में बताने की आवश्यकता नहीं है। पृथ्वीराज चौहान की कहावत आज भी प्रासंगिक है, चार बांस चौबीस गज अंगुल अस्ट प्रमाण ता ऊपर सुल्तान है मत चूको चौहान। शिव पांडे ने कहा अगर हम लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं तो बच्चों को नशा से दूर रखकर अच्छी शिक्षा देने की आवश्यकता है। हम बच्चों को शिक्षित करेंगे तो वह आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के आदर्श पर चलने के साथ ही साथ नशा से दूर रहने व एक बेहतर समाज की ओर अग्रसर करने के लिए आह्वान किया।

